खेल

सेरेना विलियम्स ने जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन

अमेरिका की सेरेना विलियम्स ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में महिला एकल का खिताब जीत लिया है. बड़ी बहन वीनस विलियम्स को लगातार सेट में 6-4, 6-4 से हराकर सेरेना ने यह खिताब अपने नाम किया।

- दोनों बहनें अब तक नौ बार ग्रैंड स्लैम मुकाबले के फाइनल में भीड़ चुकी हैं, जिसमें सात बार सेरेना तो दो बार वीनस जीती हैं।
- इस जीत के साथ सेरेना दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी बन गई है।
- सेरेना का यह 23वां ग्रैंड स्लैम खिताब है, जो इस अब तक के टेनिस इतिहास में सबसे ज्यादा है।
- दोनों बहनें आठ साल बाद फ़ाइनल में आमने-सामने थी. ग्रैंड स्लैम फाइनल में सेरेना और वीनस के बीच ये नौवीं टक्कर थी।।
- 35 साल की सेरेना विलियम्स अब तक 7 बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत चुकी हैं।
- अमेरिका की बहनें सेरेना विलियम्स और वीनस विलियम्स में अबतक नौ फाइनल मुकाबले हो चुके हैं।
- इन मुकाबलों में सात बार सेरेना ने जीत दर्ज की है, जबकि दो बार वीनस ने बहन को हराकर खिताब क्ब्जाया है।

राष्ट्रीय खबर

जल्द ही अंत्योदय एक्सप्रेस को दिखाई जाएगी हरी झंडी

सामान्य श्रेणी के यात्रियों की बढ़ती जरूरत को देखते हुए रेलवे अंत्योदय सुपरफास्ट ट्रेन शुरू करेगा।

- इन ट्रेनों के जरिए सामान्य श्रेणी के यात्रियों को अधिक मांग वाले मार्गों पर कई सुविधाएं दी जाएंगी. इन ट्रेनों में पेयजल डिस्पेंसर, मोबाइल फोन चार्जिंग प्वाइंट, आग बुझाने के यंत्र सहित अन्य चीजें होंगी।
- आधुनिक एलएचबी डिब्बे (इन डिब्बों का तेज गति वाली ट्रेनों में इस्तेमाल होता है) को अगले महीने से सेवा में पटरी पर उतारा जाएगा।
- रेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि ये ट्रेनें पूरी तरह से अनारक्षित श्रेणी की होंगी और अधिक यात्रियों वाले मार्गों पर चलाई जाएंगी।
- इनमें जैव शौचालय होंगे जिससे अपशिष्ट पदार्थ नहीं गिरेंगे. ट्रेन की सीटें आरामदेह होंगी।
- अंत्योदय सेवा बजटीय वादा है. इससे पहले बजटीय घोषणा वाली हमसफर एक्सप्रेस (पूरी तरह से 3 एसी सेवा) गोरखपुर से शुरू की गई थी।
- अंत्योदय के बाद रेलवे तेजस एक्सप्रेस शुरू करेगा. यह आरक्षित श्रेणी वाली ट्रेन होगी. यह इस साल से परिचालन में आ जाएगी।

भारतीय डाक को भुगतान बैंक के कारोबार का लाइसेंस मिला

भारतीय डाक को भारतीय रिजर्व बैंक से भुगतान बैंक का व्यवसाय शुरू करने का लाइसेंस मिल गया है। भारतीय डाक विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

- ये सेवाएं कार्यक्रम के अनुसार शुरू की जाएंगी। भारती और पेटीएम के बाद भारतीय डाक भुगतान बैंक वह तीसरा कारोबारी संगठन है जिसे भुगतान बैंक सेवा कारोबार शुरू करने का लाइसेंस दिया गया है।
- रिजर्व बैंक ने भुगतान बैंकों को एक व्यक्ति या कारोबारी इकाई से ज्यादा से ज्यादा एक लाख रूपए तक की जमा राशियां स्वीकार करने की छूट दी है।
- ये बैंक छोटी राशि की जमाएं लेने और पैसा हस्तांतरित करने जैसी सेवाएं देंगे। ये इंटरनेट बैंकिंग और कुछ अन्य विनिर्दिष्ट सेवाएं भी दे सकेंगे।
- 2015 में केंद्रीय बैंक ने 11 कंपनियों या कंपनियों के गठबंधनों को भुगतान बैंक का लाइसेंस देने की सैद्धांतिक सहमति दी थी जिसमें से कुछ ने अपनी योजना छोड़ दी है।

राष्ट्रिय खबर

राष्ट्रीय खबर

भीम एप से आधार को जोड़ा जाएगा

आम लोगों को सरलतम और त्वरित डिजिटल वित्तीय लेन-देन के उद्देश्य से जारी किए गए भारत इंटरफेस फॉर मनी (भीम) एप का नया संस्करण जारी किया गया जिसमें उड़िया, बंगला, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, गुजराती और मलयालम भाषाओं को शामिल करते हुए आधार से जुड़े बैंक खातों में धन हस्तांतरण की सुविधा दी गई है।

- इस एप का संचालन करने वाली कंपनी भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनसीपीआई) ने यहां बताया कि गत 30 दिसंबर को जारी इस एप में दूसरी बार नए फीचर जोड़े गए हैं।
- इसका 1.2 वर्जन जारी किया गया है और यह अब गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।
- एनसीपीआई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एपी होता ने कहा कि नए संस्करण में सुरक्षा फीचर को सशक्त बनाने के साथ ही डिजिटल लेन-देन के अनुभव को बेहतर बनाया गया है।
- इसमें स्पैम रिपोर्ट की सुविधा दी गई है जिससे उपयोगकर्ता अज्ञात लोगों की धनराशि की मांग को ब्लॉक कर सकेंगे। इसके साथ ही शिकायक निवारण तंत्र को भी मजबूत बनाया गया है।
- सरकार के देश में डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के मद्देनजर एनसीपीआई ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस पर आधारित यह एप जारी किया है और सभी बैंकों को इससे जुड़ने के लिए कहा गया है।

बैंकिंग

एचडीएफसी बैंक ने इंटरेक्टिव ह्यूमनॉयड रोबोट लॉन्च किया

एचडीएफसी बैंक ने अपनी मुंबई स्थित ब्रांच में इंटरेक्टिव ह्यूमनॉयड रोबोट आईआरए लॉन्च किया है।

- यह इंटेलिजेंट रोबोटिक असिस्टेंट (आईआरए) ब्रांच के कर्मचारियों के साथ मिलकर कस्टमर्स को बेहतर सेवा प्रदान करने में मदद करेगा।
- इस लॉन्च के साथ ही एचडीएफसी देश का पहला ऐसा बैंक बन गया है, जिसने कस्टमर सर्विस के लिए एक ह्यूमनॉयड रोबोट अपनी ब्रांच में तैनात किया है।
- इस रोबोट को रोबोटिक्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजीस की मदद से बनाया गया है। मुंबई की कमला मिल्स ब्रांच में यह रोबोट वेलकम डेस्क के पास रहेगा।

- बैंक की योजना आईआरए को भविष्य में और भी एडवांस बनाने की है।
- इसके लिए इसमें वॉइस एंड फेस रिकगनिशन, वॉइस गाइडेड नेविगेशन, बैलेंस इन्क्वायरी और चेक डिपोजिट करने जैसी कई सुविधाओं के लिए तैयार किया जाएगा।
- मुंबई में आईआरए के लॉन्च के मौके पर एचडीएफसी बैंक के डिजिटल बैंकिंग हेड नितिन चुग भी मौजूद थे।
- उन्होंने बताया कि कमला मिल्स शाखा में आईआरए टेक्नोलॉजी डेमोन्स्ट्रेटर की भूमिका निभाएगा। बैंक ने कोच्चि स्थित स्टार्ट-अप असीमोव रोबोटिक्स के साथ मिलकर इस रोबोट को बनाया है

ओएनजीसी केजी बेसिन में 78,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा

तेल एवं प्राकृतिक गैस कार्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) हाइड्रोकार्बन के उत्पादन के लिए कृष्णा गोदावरी बेसिन में 78,000 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

- ओएनजीसी बेसिन में अन्वेषण के लिए पिछले मार्च में ही घोषणा की गयी थी की 5$ अरब (Rs34,000 करोड़) अगले तीन वर्षों में निवेश किया जाएगा।
- निवेश का ये आंकड़ा शनिवार को घोषित किया गया और ये पूरे बेसिन के लिए है।
- ओएनजीसी एक हाइड्रोकार्बन समृद्ध राज्य के रूप में आंध्र प्रदेश को देखता है।
- ओएनजीसी बहुत आक्रामक तरीके से उत्पादन करने के लिए, बहुत बड़े गैस भंडार की खोज में लगा हुआ है।
- कम्पनी 10,000 करोड़ रूपये ऑनलैंड ब्लॉक में अन्वेषण और उत्पादन गतिविधियों में और केजी बेसिन में अपतटीय आस्तियों में करीब 68,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है।

राष्ट्रीय खबर

दृष्टिहीन टी-20 विश्व कप 30 जनवरी से

दृष्टिहीन टी-20 विश्व कप के दूसरे संस्करण का आयोजन 30 जनवरी से होगा। भारतीय दृष्टिहीन क्रिकेट संघ और समर्थम ट्रस्ट फॉर डिसेबल द्वारा इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

- भारत ने पहले संस्करण का खिताब जीता था और अब वह एक बार फिर खिताब बचाने के लिए तैयार है। इसका उद्घाटन समारोह 11.00 बजे इंदिरा गांधी कॉम्प्लेक्स के के. डी. जाधव इंडोर स्टेडियम में 29 जनवरी 2017 को आयोजित होगा।
- राहुल द्रविड़ इस टूर्नामेंट के आधिकारिक ब्रांड एम्बेसेडर हैं।
- इसके अलावा विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, के. एल राहुल, उमेश यादव, गौतम गंभीर जैसे क्रिकेट खिलाड़ियों के अलावा दिलीप वेंगसरकर जैसे कई पूर्व खिलाड़ी भी इस टूर्नामेंट का समर्थन कर रहे हैं।
- भारत की दृष्टिहीन क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शेखर नाइक को इस साल पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया है।
- दृष्टिहीन टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह का शुभारंभ माननीय रसायन और उर्वरक मंत्री अनंत कुमार करेंगे तथा इसका अनावरण सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोते करेंगे।
- इसके साथ ही युवा मामले और खेल विजय गोयल ट्रॉफी व पुरस्कारों की घोषणा करेंगे।

खेल

एस्ट्रोसैट ने वैम्पायर तारे की प्रक्रिया को किया कैमरे में कैद

भारत की पहली समर्पित अंतरिक्ष वेधशाला एस्ट्रोसैट ने छह अरब साल पुराने छोटे वैम्पायर तारे द्वारा एक बड़े तारे का शिकार करने की प्रक्रिया को कैमरे में कैद किया है।

- भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान में प्रोफेसर अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम ने कहा, सबसे लोकप्रिय व्याख्या यह है कि ये बाइनरी प्रणालियां है है जिनमें एक छोटा तारा बड़े साथी तारे के द्रव्यमान को सोखकर बड़ा ब्लू स्ट्रैगलर बन जाता है और इसलिए इसे वैम्पायर तारा भी कहते हैं।
- यह एस्ट्रोसैट पर टेलीस्कोप की क्षमताओं को रेखांकित करता है। समर्पित अंतरिक्ष वेधशाला उपग्रह

अंतरिक्ष विज्ञान

एस्ट्रोसैट का प्रक्षेपण सिंतबर 2015 में किया गया था।

- इस अध्ययन को एएआई, इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स :आईयूसीएए:, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च :टीआईएफआर:, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन :इसरो: और कनाडियन स्पेस एजेंसी :सीएसए: के वैज्ञानिकों के दल ने एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स में हाल में प्रकाशित किया है।
- वैज्ञानिक अब उच्च रेजोल्यूशन वाली स्पैक्ट्रोस्कोपी के जरिए ब्लू स्टैगलर की रासायनिक संरचना को समझ रहे हैं जिससे इन विशेष आकाशीय पिंडों के विकास के बारे में और जानकारी मिल पाएगी।

आज के दिन

29 जनुअरी 1886 के दिन जर्मनी के कार्लस्रुहे में कार्ल बेंज ने सर्वप्रथम गैसोलीन चालित वाहन का पेटेंट करवाए थे | कार्ल फ्रेइडरिक बेंज एक जर्मन इंजन डिज़ाइनर और ऑटोमोबाइल इंजिनियर थे | उनके बेंज पेटेंट मोटरकार को विश्व का सर्वप्रथम मोटरकार माना जाता है |